सुजाता टी रे
निदेशक(मानव संसाधन)

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LTD.
(A Government of India Enterprises)

सं.बीएसएनएल/7-3/एसआर/2016

दिनांक:27मई, 2016.

संदेश

विषय : एक्जकूटिव एसोसिएसन की सदस्यता सत्यापन (मैम्बरशिप वैरिफिकेशन) का आयोजन ।

मै आपका ध्यान दिनांक 25मई, 2016. को जारी की गई अधिसूचना की तरफ आकर्षित करना चाहूंगी, जिसके अनुसार कार्यकारिणी कर्मचारियों के प्रतिनिधि संघ (रिप्रेसेन्टेटिव एसोसिएशन) के बहुमत निर्धारण के लिए सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया पहले ही आरंभ हो चुकी है। हालांकि हाल ही में प्रबंधन ने विभिन्न एचआर मुद्दों पर विभिन्न एसोसिएशनों जैसे कि एआईबीएसएनएलईए, एसएनईए एवं अन्य, के साथ परामर्श किया और इन मुद्दों के शीघ्र समाधान हेतु अपेक्षित कदम उठाने के लिए एसोसिएशन के साथ समय सीमा पर सहमति भी हुई है। अब जबकि उपरोक्त अधिसूचना जारी हो चुकी है, प्रबंधन को मान्यता नियमों के मार्गदर्शी सिद्धांतों को भी ध्यान मे रखना होगा. अर्थात भाग लेने वाले सभी एसोसिएशनों को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान समान स्तर पर रखना होगा । यह आश्वासन दिया जाता है कि समय सीमा के अन्दर अपेक्षित प्रगति करने के लिए प्रबंधन सभी संभव प्रयास करेगा।

यहां यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि कंपनी के प्रबंधन में एक्जकूटिव अपनी भूमिका और उत्तरदायित्वों को और एक्जकूटिव एसोसिएसन के महत्व को भलीभाँति समझते है। आज सभी के अथक प्रयासों के कारण कंपनी वृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है। प्रबंधन कंपनी के एक्जकूटिवस और सभी स्तरों के अन्य कर्मचारियों के हितों के प्रति समर्पित है और भविष्य में भी रहेगी।

इन परिस्थितियों में हम यह मानते हैं कि जब एसोसिएशनो के विभिन्न मुद्दों पर प्रबंधन द्वारा सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है, उन्हे आंदोलन के रास्तें को त्याग कर सदस्यता सत्यापन में पूर्णरूप से भाग लेना चाहिए । अंत में मैं आप सभी से आग्रह करती हूँ कि सदस्यता सत्यापन के निर्बाध आयोजन में प्रबंधन को पूर्ण सहयोग दें।

सुजाता रे
(सुजाता टी रे)

प्रति:-

1. सभी मुख्यप्रबन्धक- इस पत्र की विषयवस्तु का व्यापक प्रचार करें।
2. महासचिव- बीएसएनएल के सभी संघ।